दिनांक 4 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ और सुंदर भिलाई

विश्व पर्यावरण दिवस पर महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव करेंगे वृक्षारोपण पुरस्कार के लिए योजना की शुरुआत

भिलाईनगर/ विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत निगम मुख्य कार्यालय सहित समस्त जोन क्षेत्रों में विभिन्न आयोजन किया जा रहा है। 05 जून दिन बुधवार को प्रातः 5.45 बजे जिसमें आमजन भी आमंत्रित है सभी ग्लोब चैक पर एकत्रित होकर यहां से साइकिल यात्रा करते हुए सेक्टर 9 के मानव सेवा परिसर पहुंचेंगे जिसके समीप स्थित तालाब क्षेत्र की श्रमदान करके साफ सफाई की जाएगी इसी स्थल पर स्टॉल लगाकर एक-एक पौधे एवं सोनहा खातू का निशुल्क वितरण किया जाएगा! जहां पर महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव द्वारा वृक्षारोपण पुरस्कार के लिए योजना की शुरुआत भी की जावेगी , प्ले स्टोर में उपलब्ध स्मार्ट भिलाई एप अंतर्गत वृक्षारोपण के लिए एक ऐसा ऐप तैयार किया गया है जिसमें वृक्षारोपण करने के पश्चात 10 अगस्त तक पौधों के साथ अपनी सेल्फी तथा पौधों की फोटो अपलोड कर सकते हैं कम से कम 5 पौधे लगाने अनिवार्य है , फोटो ऐप में अपलोड करने के पश्चात , मॉनिटरिंग के लिए गठित निगम की टीम अवलोकन/निरीक्षण कर पुरस्कार के लिए प्रतिभागी चयन कर प्रस्तावित करेगी इनको 15 अगस्त को पुरस्कार दिया जावेगा प्रथम अच्छे कार्य करने वाले को 25 हजार, द्वितीय को 10 हजार एवं तृतीय को 3 हजार रुपए पुरस्कार से सम्मानित किया जावेगा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यालय सहित समस्त जोन क्षेत्रों के कार्यालय में (जोन 5 कार्यालय को छोड़कर) स्टॉल लगाकर प्रति व्यक्ति एक वृक्ष एवं सोनहा खातू निशुल्क वितरण किया जाएगा जिसके लिए आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने आदेश भी जारी कर दिया है।

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है